भारत में रोज़ खुल रहे 136 स्टार्टअप

2025 में रिकॉर्ड बढ़त, कुल संख्या 2.09 लाख पार

हर दिन 136 नए उद्यम, फेल्योर रेट सबसे कम



नई दिल्ली, 16 जनवरी. भारत में उद्यमिता अब केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि युवाओं की पहली पसंद बनती जा रही है. देश में हर रोज़ औसतन 136 नए स्टार्टअप्स का रजिस्ट्रेशन होना इस बदलते आर्थिक और कारोबारी माहौल की सबसे बड़ी मिसाल है.

स्टार्टअप डे के अवसर पर सामने आए ताज़ा आंकड़े बताते हैं कि भारत न सिर्फ स्टार्टअप्स की संख्या में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, बल्कि उनकी स्थिरता और सफलता दर के मामले में भी दुनिया के कई बड़े देशों को पीछे छोड़ रहा है. साल 2025 में ही करीब 50,000 नए स्टार्टअप्स देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े, जिससे कुल पंजीकृत स्टार्टअप्स की संख्या 2.09 लाख तक पहुंच गई.

खास बात यह है कि भारत में स्टार्टअप्स के बंद होने की दर अब सबसे कम मानी जा रही है, जो इस बात का संकेत है कि यहां का इकोसिस्टम पहले से कहीं ज्यादा परिपक्व और मज़बूत हो चुका है. सरकारी नीतियों, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेशकों के बढ़ते भरोसे और युवाओं के नवाचार ने मिलकर भारत को वैश्विक स्टार्टअप हब की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ाया है.

> स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या का सीधा असर रोज़गार सृजन पर भी पड़ा है. लाखों युवाओं को अब परंपरागत नौकरियों के अलावा नए अवसर मिल रहे हैं. टेक्नोलॉजी, फिनटेक, हेल्थटेक, एग्रीटेक और ग्रीन एनर्जी जैसे सेक्टरों में भारतीय स्टार्टअप्स वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहे हैं. विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत का स्टार्टअप मॉडल अब केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा. टियर-2 और टियर-3 शहरों से भी बड़ी संख्या में स्टार्टअप्स उभर रहे हैं, जिससे क्षेत्रीय विकास को भी गति मिल रही है. कुल मिलाकर, रोज़ाना 136 स्टार्टअप्स का खुलना यह साफ संकेत देता है कि भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मज़बूती से आगे बढ़ रहा है .

अमेरिका से व्यापार समझौते पर बातचीत जारी

सहमति की ओर बढ़ते कदम: राजेश अग्रवाल

समयसीमा तय करना अभी जल्दबाजी होगी

नई दिल्ली, 16 जनवरी. भारत व अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है, लेकिन इसके समय और तारीख को लेकर अभी कोई निश्चित अनुमान लगाना संभव नहीं है.

यह बात वाणिज्य उद्योग मंत्रालय में वाणिज्य विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने कही. उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक दोनों पक्षों के बीच सभी मुद्दों पर पूरी तरह सहमति नहीं बन जाती, तब तक समझौते को लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा. अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए ऊंचे शुल्क के बावजूद भारत के निर्यात में लगातार वृद्धि होना सरकार के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है. दिसंबर 2025 के निर्यात-आयात आंकड़े पेश करते हुए वाणिज्य सचिव ने कहा कि भारत उन क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहा है, जहां शुल्क अपेक्षाकृत कम हैं या जहां भारतीय उद्योग की पकड़ मजबूत है. सरकार की रणनीति न केवल अमेरिका जैसे बड़े बाजारों में अपनी मौजूदगी बनाए रखने की है.

सोना हुआ सस्ता, चांदी में बनी रही तेजी

282,720 रुपए प्रति किलो पर पहुंची चांदी

129,813 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आया सोना

नई दिल्ली, 16 जनवरी. बुलियन बाजार में शुक्रवार को निवेशकों और ग्राहकों के लिए मिला-जुला रुख देखने को मिला. जहां सोने की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई, वहीं चांदी के भाव में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है.

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक 16 जनवरी 2026 को सोना सस्ता हुआ है, जबकि चांदी 5 हजार रुपये से ज्यादा महंगी हो गई है. 22 कैरेट यानी 916 शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार शाम के मुकाबले शुक्रवार सुबह 273 घटकर 129,813 रु. प्रति 10 ग्राम पर आ गया. वहीं चांदी (999 शुद्धता) का भाव 277,512 से उछलकर 282,720 प्रति किलो पहुंच गया, जो हालिया दिनों की बड़ी तेजी मानी जा रही है. बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय संकेतों और निवेशकों की मांग में बदलाव के कारण सोने और चांदी की कीमतों में यह अंतर देखने को मिल रहा है. देश के बुलियन बाजार में 16 जनवरी 2026 को सोने और चांदी की कीमतों में अलग-अलग रुख देखने को मिला.

> आइबीजेए के मुताबिक, 24 कैरेट (999 शुद्धता) सोने का भाव बुधवार शाम 1,42,015 प्रति 10 ग्राम था, जो शुक्रवार सुबह घटकर 1,41,717 रह गया. यानी सोना 298 सस्ता हो गया. इसी तरह 23 कैरेट (995) सोना 296 सस्ता होकर 1,41,150 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. 22 कैरेट (916) सोने का भाव 130,086 से घटकर 129,813 प्रति 10 ग्राम हो गया, यानी इसमें 273 की गिरावट दर्ज की गई. वहीं 18 कैरेट सोना 223 सस्ता होकर रुपए 1,06,288 और 14 कैरेट सोना 175 सस्ता होकर 82,904 प्रति 10 ग्राम पर आ गया. इसके उलट चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिली.

साबरमती स्टेशन पर 20 जनवरी से नई प्रवेश-निकास व्यवस्था

साबरमती, 15 जनवरी. साबरमती रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है. साबरमती नई स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण पूर्ण हो चुका है जबकि अन्य पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है.

यात्रियों की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से 20 जनवरी 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक आगमन एवं प्रस्थान हेतु नए प्रवेश एवं निकास द्वार तथा पिक-अप एवं ड्रॉप की व्यवस्था लागू की जा रही है. विवरण इस प्रकार है- प्रस्थान करने वाले यात्रियों हेतु प्रवेश एवं निकास व्यवस्था- प्रवेश द्वार -यात्रियों के वाहनों का प्रवेश एमएमटीएस बिल्डिंग (बुलेट ट्रेन स्टेशन) के पास (ग्रीन लाइन) से किया जाएगा. यात्री नवनिर्मित स्टेशन बिल्डिंग में प्रवेश कर लिफ्ट, एस्केलेटर एवं सीढियों के माध्यम से सेकंड फ्लोर से होते हुए सभी प्लेटफार्मों तक पहुंच सकेंगे. यात्रियों को ड्रॉप करने वाले वाहन वर्तमान प्रवेश द्वार से बाहर निकल सकेंगे.

आगमन करने वाले यात्रियों हेतु निकास एवं पिक-अप व्यवस्था निकास द्वार- महेसाणा साइड फुट ओवर ब्रिज के पास (पर्पल लाइन) से निकास की व्यवस्था की गई है.

इसी स्थान पर यात्रियों के लिए पिक-अप जोन भी निर्धारित किया गया है.

पार्किंग सुविधा- यात्रियों की सुविधा के लिए निकास द्वार के निकट दो स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है.

प्लेटफार्म कनेक्टिविटी- सभी प्लेटफार्म दोनों फुट ओवर ब्रिज द्वारा आपस में जुड़े हुए हैं तथा कलोल साइड फुट ओवर ब्रिज के सभी प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के लिए लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है.

पतंजलि में स्मार्ट हेल्थ तकनीकों पर मंथन

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में एआई, डिजिटल हेल्थ पर जोर

हरिद्वार, 16 जनवरी . पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के तत्वावधान में, अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से, अमेरिका की शैक्षणिक शाखा ग्लोबल नॉलेज फाउंडेशन , निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो , देहरादून और यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड ईस्टर्न शोर के बिजनेस, मैनेजमेंट और अकाउंटिंग विभाग की संयुक्त पहल में 'स्वास्थ्य सेवा और प्रबंधन में स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण' पर त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 15-17 जनवरी को पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन एवं विश्वविद्यालय के सहयोग से सभागार में आयोजित की गई. संगोष्ठी का आयोजन स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण के माध्यम से प्रौद्योगिकी-प्रेरित, दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर जन-स्वास्थ्य सुधार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया. पूज्य बालकृष्ण जी ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न देकर किया. शुभारंभ दीप प्रज्वलन, धन्वंतरि वंदना और श्री चंद्रमोहन व उनकी टीम के समूहगान से हुआ. कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन कुलपति प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल ने दिया, तत्पश्चात आचार्य श्री एवं अतिथियों ने सार पुस्तक का लोकार्पण किया. अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. देव शर्मा ने कबीर के दोहे के माध्यम से सेवा और लोककल्याण पर जोर दिया, डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और एआई-सहायित स्मार्ट प्रणालियों के माध्यम से सुरक्षित, प्रभावी और उन्नत चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता रेखांकित की.

> कार्यक्रम में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि आधुनिक एआई जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है, पर नैतिकता आवश्यक है . उन्होंने सिंक्रोना सिटी, नवाचार, स्टार्टअप्स और पतंजलि द्वारा भारतीय ज्ञान और सनातन मूल्यों के संरक्षण पर भी बल दिया. अपने प्रेरक संबोधन में पूज्य आचार्य बालकृष्णजी ने कहा कि 'सहस्त्र चंद्र दर्शन' भारतीय सनातन परंपरा में दीर्घायु, स्वस्थ और ज्ञानपूर्ण जीवन के उत्सव का प्रतीक है, जिसका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व अत्यंत गहरा है .

सीएसएल ने निर्माण के बाद हेंज जहाज जर्मनी की कंपनी को सौंपा

कोच्चि, 16 जनवरी. कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने जर्मनी को बहुउद्देशीय जहाज एमएस हेंज सौंप दिया. नीदरलैंड के ग्रूट शिप डिजाइन द्वारा डिजाइन किए गए एचएस इकोफेटर श्रेणी के इस जहाज का निर्माण कोचीन शिपयार्ड में किया गया.

शिपयार्ड ने निर्माण के बाद इस जहाज को जर्मनी स्थित कंपनी एचएस शिफहार्ट्स यूजी एंड कंपनी केजी को सौंप दिया है. यह जहाज 7,000 टन तक का भार ढोने में सक्षम है, जो इसे भारी कार्गो सहित विविध प्रकार के माल ढोने में सक्षम बनाता है. इस जहाज की विशेषता इसका झुका हुआ अग्रभाग है,जो इसे बेहतर गति प्रदान करता है तथा अधिक ईंधन दक्ष बनाता है. एमएस हेंज की डिलीवरी अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जहाज निर्माण क्षेत्र में सीएसएल के बढ़ते महत्व को दर्शाता है और यह वैश्विक ग्राहकों के लिए तकनीकी रूप से उन्नत वाणिज्यिक जहाजों के निर्माण में इसकी विस्तार क्षमताओं को दर्शाता है.

एयर इंडिया-सिंगापुर एयरलाइंस का सहयोग गहराया

नई दिल्ली, 16 जनवरी. टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने सिंगापुर एयरलाइंस के साथ वाणिज्यिक सहयोग बढ़ाने के लिए शुक्रवार को एक फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किये. इस फ्रेमवर्क समझौते में सहयोग बढ़ाने संबंधी मोटी-मोटी बातें तय की गयी हैं तथा अंतिम समझौता बाद में किया जायेगा. सिंगापुर एयरलाइंस की एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है.

खुदरा और संस्थागत निवेशकों के लिए मौका

जयपुर, 16 जनवरी. लॉजिस्टिक्स सेक्टर की प्रमुख कंपनी शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) मंगलवार से निवेशकों के लिए खोलने जा रही है. करीब 1,907 करोड़ रुपये के इस इश्यू को लेकर बाजार में खासा उत्साह देखा जा रहा है, खासतौर पर ऐसे समय में जब ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है. कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए 118 रुपये से 124 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड तय किया है. एंकर निवेशकों के लिए बोली सोमवार को खुलेगी, जबकि आम निवेशक 20 जनवरी से 22 जनवरी तक इस इश्यू में आवेदन कर सकेंगे. शैडोफैक्स का यह आईपीओ न केवल कंपनी के विस्तार योजनाओं को गति देने वाला माना जा रहा है.

मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के अंतर्गत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL HFL) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ता(ओं) से उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस(ओं) में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। उपरोक्त के संबंध में, उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर नीचे दर्शाई गई राशि का भुगतान डिमांड नोटिस की तिथि(ओं) से भुगतान की तिथि तक के अतिरिक्त ब्याज सहित करने के लिए सूचित किया जाता है। ऋणी(ओं) का विवरण, मांग नोटिस की तिथि तक देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के लिए दी गई सुरक्षा निम्नानुसार है:-

ऋणकर्ता/ गारंटर का नाम	मांग नोटिस दिनांक और राशि	सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण
श्री एंड्रयू संजय दयाल, श्रीमती मायरा दयाल (प्रॉस्पेक्ट नं. 738138, 963678, 920988)	09-जनवरी-2026, 738138, रु. 2135096.00/- (इक्कीस लाख पैंतीस हजार छियानवे मात्र) 920988, रु.149886.00/- (एक लाख उनचास हजार आठ सौ छियासी रुपये मात्र) 963678 रु. 164353.00/- (एक लाख चौंसठ हजार तीन सौ तिरपन मात्र)	संपत्ति का वह भाग जो 105 ए, एच सेक्टर, राजहर्ष कॉलोनी, अकबरपुर कोलार रोड, दानिश कुंज, भोपाल, 462042, मध्य प्रदेश, भारत में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल: 600

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त अनुसार IIFL HFL को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो IIFL HFL उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त गिरवी संपत्तियों के विरुद्ध कार्रवाई कर सकता है, जिसका जोखिम, खर्च और परिणाम पूरी तरह से उधारकर्ताओं को वहन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए, कृपया शाखा कार्यालयः प्लॉट संख्या 69, तीसरी मंजिल, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल - 462011/या कॉर्पोरेट कार्यालयः IIFL टावर, प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, चौथा चरण, गुड़गांव, हरियाणा में अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 17.01.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए

NAME CHANGE

मैं **JAY SINGH JATAV** S/o Shri MATADEEN JATAV No. JC779761W, Rank-SUB निवासी- ग्राम-हीरापुरा, पोस्ट-सुनारपुरा तहसील-महगांव, जिला-भिण्ड, मध्यप्रदेश हाल निवास-3EME सेन्टर बरामद भोपाल मध्यप्रदेश का निवासी हूं। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम अमन कुमार (AMAN KUMAR) अंकित है, जो कि गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम अमन सिंह (AMAN SINGH) है, अब भविष्य में मेरे पुत्र का नाम **अमन सिंह (AMAN SINGH)** पढ़ा व समझा जावें। **नोटरी रजिस्ट्र्ड सीरियल क्र. 12/02, दिनांक 16 जनवरी 2026**

नाम परिवर्तन

मेरा पूर्व का नाम ASMA PARVEEN ALI था उसे मैंने परिवर्तित कर अपना नवीन नाम ASMA PARVEEN KHAN कर लिया है। अतः मुझे ASMA PARVEEN KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाए|
पता F-2, Malka Tower, Shahjahanabad, Jain Mandir Road Bhopal M.P. 462001

कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा

पता- आजाद भवन टाउन हॉल खंडवा. 450001 दूरभाष- 07332223523 ईमेल commkhanndwa@mpurban.gov.in
क्रमांक:क्र/रा.बा./ 989/2026 — खण्डवा दिनांक 13/01/2026

द्वितीय ई-निविदा विज्ञप्ति

निगम स्वामित्व की नीचे वर्णित संपत्तियों को मध्यप्रदेश अचल अंतरण नियम 2016 संशोधन 2021 -2023 के प्रपत्र के अंतर्गत 30 वर्ष की लीज पर उच्चतम प्रीमियत राशि एवं निर्धारित मासिक किराये के आधार पर दिये जाने हेतु अधिकतम समय की प्रस्थापना (निविदा ऑफर) ऑनलाइन टेंडर कम ऑक्शन पद्धति से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

संपत्ति वितरण

राजमाता सिधिया शॉपिंग काम्प्लेक्स भूतल की छत किराये पर दिये जाने हेतु

क्र.	ई-निविदा क्रमांक	भवन	अनारक्षण	भवन का क्षेत्रफल	आरक्षित (आफसेट) मूल्य	प्रतिभूति राशि (अमानत राशि)	ईटेण्डर प्रपत्र राशि
1	2026_475475_1	राजमाता सिधिया शॉपिंग कॉम्पलेक्स भूतल की छत को आवंटन हेतु	अनारक्षित	506.31 वर्ग मीटर	1,75,00,000/-	4.35,500/-	5.000/-

निविदा ऑनलाईन क्रय तथा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27/01/2026 - (शाम 05.30 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनाक 29/01/2026 - (प्रातः 10:30 बजे)

1 विस्तृत शर्ते जिसमे अनुबंध की व्यापक शर्ते भी शामिल है, का अवलोकन कार्यालयीन समय मे नगर पालिक निगम की राजस्व शाखा में किया जा सकता है।
2 न्यूनतम आरक्षित मूल्य से कम राशि की निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदा ऑफर स्वीकृति / अस्वीकृति का अधिकार आयुक्त न.पा.नि. खण्डवा के पास सुरक्षित रहेगा।
3 निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन www.mptenders.gov.in पर ही प्रदर्शित किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त (राजस्व)
नगर पालिक निगम खण्डवा

पश्चिम रेलवे भावनगर वर्कशॉप

ICF कोचों को NMGHS कोचों में बदलना

ई-निविदा सं.: BVPW-2025-26-RSP-08 **कार्य का नाम:** भावनगर वर्कशॉप में काम के दायरे के अनुसार ICF कोचों को NMGHS कोचों में बदलना। (मात्रा - 250 नग) **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹39,40,17,216.10/- **बयाना राशि:** ₹21,20,100/- **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की दिनांक से 36 महीने **निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक व समय:** 09/02/2026, 10:30 बजे **निविदा खोलने की दिनांक व समय:** 09/02/2026, 11:00 बजे **वेबसाइट विवरण:** निविदा केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप से वेबसाइट पर प्रस्तुत की जाएगी https://www.ireps.gov.in **जारीकर्ता:** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, भावनगर परा, पश्चिम रेल्वे, **ईमेल:dycmews@bvp.railnet.gov.in** BVP 248

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन - इंडिया

विज्ञान और प्रोद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का स्वायत्त संस्थान
ग्रामभारती, अमरापुर, महुदी रोड गांधीनगर, गुजरात-382650
टेलः 02764 261134/35/36/37/38; वेब. www.nif.org.in.

विज्ञापन संख्या 01/2026

नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन - इंडिया (NIF) विभिन्न स्तरों (मैनेजर, एसोसिएट्स, फेलो) पर काम करने के लिए अत्यधिक प्रेरित और योग्य प्रोफेशनल्स से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

यह नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी और संविदा के आधार पर है। विस्तृत विज्ञापन https://nif.org.in/careers पर उपलब्ध है। ऑनलाइन फॉर्म जमा करने की **अंतिम तिथि 10 फरवरी 2026 है।**

CBC 36118/12/0002/2526 — हस्ता./ निदेशक

IIFL HOME LOAN

आईआईएफएल होम फायनांस लिमिटेड
आईआईएफएल हाउस, सन इन्फोटेक पार्क, रोड नं.16वी, प्लॉट नं. बी-23, एमआईडीसी ठाणे इंडस्ट्रियल एरिया, वागले एस्टेट, ठाणे-400604, महाराष्ट्र
CIN: U65993MH2006PLC166475

इस सूचना द्वारा, जनसामान्य और आईआईएफएल होम फायनांस लिमिटेड के ग्राहकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दूसरी मंजिल, आईआईएफएल गोल्ड लोन के ऊपर, थाना रोड, कोठी बाजार, बैतूल-460001 मध्य प्रदेश स्थित आईआईएफएल होम लोन शाखा **20 अप्रैल 2026** से प्रभावी रूप से बंद कर दी जाएगी।

सभी ग्राहकों और आम जनता से निवेदन है कि उपर्युक्त सूचना को ध्यान में रखते हुए अपनी निकटतम अन्य आईआईएफएल होम लोन शाखाओं का पता लगाने के लिए iiflhomeloans.com/locate-us पर विज़िट करें।

पश्चिम मध्य रेल

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य शाखा, भोपाल.
No.: C/BPL/NFR/E-Auction/2026/02, Date: 15.01.2026

वाणिज्यिक प्रचार के ठेके स्थापित करने हेतु जगह के आवंटन हेतु ई-ऑक्शन

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भोपाल द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के ठेके स्थापित करने हेतु जगह के आवंटन हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है। ई-ऑक्शन के केट्लोग्स आईआरईपीएस पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) पर उपलब्ध हैं। केट्लोग्स की जानकारी इस प्रकार है-

Catalogue Number	Type of Contract	Lot No./Bid No.	Contract Period	Date and Time of close of e-auction
C-BPL-NFR-OOH	Publicity	ADVT-BPL-BPL-OH-201-26-1	5 years	02.02.2026 at13:30 hrs.
		ADVT-BPL-GUNA-OH-203-26-1	5 years	02.02.2026 at13:40 hrs.
		ADVT-BPL-BINA-OH-202-26-1	5 years	02.02.2026 at13:50 hrs.
		ADVT-BPL-ET-OH-204-26-1	5 years	02.02.2026 at14:00 hrs.

सम्पूर्ण जानकारी, अनुबंध की सामान्य शर्ते एवं अनुबंध की विशेष शर्ते **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। प्रतिभागी पोर्टल पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते है।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वा), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिसः केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोनः +91 44 4564 4000, **फैक्सः** +91 44 4564 4022

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

क्र. सं.	लोन एकाउंट नं.	लोन का प्रकार	सेक्शन 13(2) नोटिस तिथि	सेक्शन 13(2) नोटिस अनुसार बकाया राशि
1.	53639529	होम लोन	27.12.2025	रु.2,20,816.04/-

देनदार और सह-देनदारों का नाम:- 1. दीपक मीना 2. लक्ष्मीनारायण मीना 3. उमा मीना

संपत्ति का पताः ज़मीन/प्लॉट का वह पूरा टुकड़ा जिसका कुल क्षेत्रफल 20×20 = 400 वर्ग फुट है, आबादी भूमि सर्वे नंबर 76 का हिस्सा, गाँव- चांदग्रहण, पी.एच. नंबर 55, तहसील- नसरुल्लागंज, जिला- सीहोर, मध्य प्रदेश-466331, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व- रास्ता, पश्चिम- विनोद, उत्तर- रास्ता, दक्षिण- कचरू.

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

दिनांकः 17.1.2026
स्थानः सीहोर

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) को पढ़ें। उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ उक्त नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ता(ओं) से उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए कहा गया है। उपरोक्त के संबंध में, उधारकर्ता(ओं) को एक बार फिर नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर, नीचे इंगित राशियों का भुगतान मांग नोटिस की तारीख से भुगतान की तारीख तक अतिरिक्त ब्याज के साथ करें। ऋणी(ओं) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि तक देय राशि तथा ऋण राशि के पुनर्भुगतान के लिए दी जाने वाली सुरक्षा निम्नानुसार है:-

उधारकर्ता/गारंटर का नाम	मांग नोटिस दिनांक और राशि	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)
श्री सुनील विश्वकर्मा श्रीमती शांति विश्वकर्मा (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10122963)	06 जनवरी 2026, रू. 583531/- (पाँच लाख तेरासी हजार पाँच सौ इकत्तीस मात्र)	संपत्ति का वह भाग जो इस प्रकार है: फ्लैट संख्या 6/12, मंजिल संख्या 0, ईडब्ल्यूएस विंग्स, ब्लॉक ए, खसरा संख्या 6/1 (भाग), ग्राम कोकता, तहसील हुजूर, जिला और शहर भोपाल, 462022। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति प्रकार: विक्रय योग्य क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल। संपत्ति का क्षेत्रफल: 377.00, 377.00
श्री प्रेम सिंह कुर्मी श्रीमती रजनी कुर्मी, कृषि (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10721505)	05 जनवरी 2026, रू. 251744/- (दो लाख इक्यावन हजार सात सौ चवालीस मात्र)	खसरा संख्या 74/2, क्षेत्रफल 2200 वर्ग फुट, ब्रह्मोरी खदेड़ा, बीना, मध्य प्रदेश 470113 में स्थित संपत्ति का पूरा हिस्सा: संपत्ति प्रकार: क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 2200
श्रीमती सुरेंद्र दांगी श्री अमन सिंह दांगी श्री संगीता कृषि (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10683572)	05-जनवरी-2026, रू. 236854/- (दो लाख छत्तीस हजार आठ सौ चौवन मात्र)	संपत्ति का वह भाग जो इस प्रकार है: खसरा संख्या 386, क्षेत्रफल 750 वर्ग फुट, बरचा, सागर, मध्य प्रदेश 470235 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल: 750 वर्ग फुट
श्रीमती कांति यादव श्री पप्पू यादव यादव जी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10669732)	05 जनवरी 2026, रू. 224550/- (दो लाख चौबीस हजार पांच सौ पचास मात्र)	पटवार हल्का संख्या 24, खसरा संख्या 138, क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट, ग्राम रामपुरमल, तहसील शाहपुर, जिला मध्य प्रदेश 460001, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल: 800 वर्ग फुट
श्री अर्जुन रघुवंशी, श्री विश्व वीर सिंह, श्रीमती गुड्डी बाई श्रीमती हेमलता, रघुवंशी अर्जुन रघुवंशी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10651607)	05 जनवरी 2026, रू. 410989/- (चार लाख दस हजार नौ सौ नवासी मात्र)	संपत्ति का वह पूरा हिस्सा, जो इस प्रकार है: संपत्ति में शामिल है: खसरा संख्या 345, क्षेत्रफल 1500 वर्ग फुट, स्थान: चपर, अशोक नगर, मध्य प्रदेश 473330। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल: 1500 वर्ग फुट
श्री राजकुमार श्रीमती रेनू प्रजापति (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10849396)	05-जनवरी-2026, रू. 569029/- (पांच लाख उनत्तर हजार उनतीस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जो इस प्रकार है: प्लॉट संख्या 242/62, खसरा संख्या 479, ग्राम-सिरचोपी, पी.एच.एन. 27, आर.एन.एम. बीना, सागर, मध्य प्रदेश 470113 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल: 837
श्री राम बाबू मालवीय श्रीमती कुसुम बाई, रामबाबू दुध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10309205)	05-जनवरी-2026, रु. 200766.56/- (दो लाख सात सौ छियासठ मात्र)	पटवारी हल्का क्रमांक 16, खसरा क्रमांक 351, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट, ग्राम पुरेनिया, विदिशा, मध्य प्रदेश, 464001 में स्थित संपत्ति का पूरा भाग। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल: 900 वर्ग फुट

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त अनुसार IIFL HFL को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो IIFL HFL उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपर्युक्त गिरवी संपत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है, जिसका जोखिम, लागत और परिणाम पूरी तरह से उधारकर्ताओं को वहन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए, कृपया शाखा कार्यालयः 249, द इन्फिनिटी, प्रथम मंजिल, मध्य प्रदेश नगर जोन II, तुलसी होटल के निकट, भोपाल-462011 या कॉर्पोरेट कार्यालयः IIFL टावर, प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, चौथा चरण, गुड़गांव, हरियाणा में अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 17.01.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए